# AI से समृद्ध होगा निवेश मित्र पोर्टल, मिलेगी खाली ज़मीन की जानकारी

AI Image



## 40 विभागों की 500 से अधिक सेवाएं हैं ऑनलाइन

**NBT पोर्टल, लखनऊ :** प्रदेश में निवेश करने वाले निवेशकों को अडवांस ऑनलाइन सुविधा मुहैया कराने के लिए औद्योगिक विकास विभाग और अधिक सुविधाओं से लैस नया निवेश मित्र पोर्टल लॉन्च करेगा। नए पोर्टल में निवेशकों को दी जाने वाली और भी सुविधाओं को ऑनलाइन किया जाएगा। साथ ही इस पोर्टल के माध्यम से निवेशकों को आवेदन के साथ ही इंडस्ट्रियल एरिया की खाली जमीनों का ब्योरा मिल सकेगा। इसके अलावा एआई का भी इस्तेमाल नए पोर्टल के जरिए निवेशक कर सकेंगे।

निवेशकों की समस्या के समाधान के लिए नए पोर्टल में एआई संचालित चैटबॉट होगा, जिसके जरिए निवेशकों की निवेश से संबंधित किसी भी शिकायत का तुरंत समाधान किया जा सकेगा। साथ ही निवेशक एआई चैटबॉट के जरिए भी समाधान पा सकेंगे।

**ये सुविधाएं भी मिलेंगी :** पोर्टल के जरिए रेग्युलेशन से जुड़ी प्रक्रियाओं को और पारदर्शी बनाया जाएगा। नए पोर्टल के जरिए औद्योगिक विकास विभाग की कोशिश है कि लाइसेंस, अनुमोदन और परमिट से संबंधित ऑनलाइन आवेदनों के पूरी प्रक्रिया को और बेहतर बनाया जाए, जिससे निवेशकों को अलग-अलग विभागों के चक्कर न लगाना पड़े।

साथ ही हर प्रक्रिया के लिए एक समय सीमा तय की जाएगी। मौजूदा समय में निवेश मित्र पोर्टल पर 40 से अधिक विभागों में 500 से अधिक सेवाओं के लिए मंजूरी दी जाती है। अब बाकी की बची हुई सुविधाओं को सीधे पोर्टल से जोड़ा जाएगा, जिससे मानवीय हस्तक्षेप को कम किया जा सके।